ॐ ह्रैं वैं कवचाय हुं।
ॐ ह्रौं वौं नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ ह्रः वः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

श्री भैरव ध्यानम्

श्री बटुक भैरव के ध्यान तीन प्रकार के हैं—(१) **सात्विक**, (२) **राजसिक**, (३) **तामसिक**।
तीनों प्रकार के ध्यानों को नीचे अलग-अलग लिखा जा रहा है।

सात्विक ध्यान—

वन्दे बालं स्फटिक सदृशं कुण्डलोद्भासितांगम्।
दिव्याकल्पैर्नवमिणिमयैः किङ्किणो नूपुराद्यैः।
दीप्ताकांर विशदवदनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रे।
हस्ताब्जाभ्यां बटुकमनिशं शूलदण्डौ दधानम्॥

भावार्थ—भैरव का बाल स्वरूप स्फटिक के समान कान्तिमान शरीर, कुण्डलों से दैदीप्यमान मुख, दिव्य नवीन मणिजटित किंकिणी, पायजेबादि से सुशोभित, निर्मल वस्त्र, प्रसन्नचित्त एवं त्रिनयन है। वे अपने हाथों में शूल तथा दण्ड को धारण किये हुए हैं।

राजसिक ध्यान—

उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागस्त्रजं।
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः।
नीलग्रीवमुदार भूषणयुतं शीतांशुचूडोज्जवलं।
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावयेत्॥

भावार्थ—भैरव के शरीर की प्रभा उदीयमान सूर्य के समान है। वे त्रिनयन, रक्तांगराग, रक्तमालाधारी तथा स्मित-मुख हैं। उनके हाथों में वर-मुद्रा, नर-कपाल, अभय-मुद्रा एवं शूल है। वे साधकों का भय हरण करने वाले हैं। उनकी ग्रीवा नीलवर्ण है, जो अनेक आभूषणों से विभूषित है। उनके चूड़ा में चन्द्रमा है। वे बन्धूक पुष्प के समान अरुण वस्त्रों को धारण किये हुए हैं।

तामसिक ध्यान—

ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तम् शशिकलाधरं मुण्डमालं महेशं।
दिग्वस्त्रं पिङ्गलाक्षं डमरुमथ सृणिं खड्गशूलाभयानि।
नागं घण्टां कपालं कर सरसिरुहैर्विभ्रतं भीमदंष्ट्रं।
सर्पाकल्पं त्रिनेत्रं मणिमय विलसत्किङ्किणी नूपुराढ्यम्॥

भावार्थ—भैरव के शरीर की कान्ति नील-पर्वत के समान है। वे चन्द्रकला तथा मोतियों की माला को धारण करने वाले, दिगम्बर तथा पिंगल वर्ण नेत्रों वाले हैं। उन्होंने अपने हाथों में डमरू, अंकुश, खड्ग, शूल, अभयमुद्रा, सर्प, घंटा तथा नरमुण्ड को धारण कर रखा है। उनकी दंतपंक्ति भयानक है, वे तीन नेत्रों वाले हैं तथा मणिमय किंकिणी, नूपुरादि आभूषणों से अलंकृत हैं।

ध्यान का फल—उक्त तीनों तरह के ध्यान का अलग-अलग फल इस प्रकार बताया गया है—

(१) सात्विक ध्यान से अकाल मृत्यु का नाश, आयु की वृद्धि, आरोग्य एवं मुक्ति-पद की प्राप्ति होती है।

(२) राजसिक ध्यान से धर्म की वृद्धि, कामनाओं की पूर्ति तथा धन की प्राप्ति होती है।

(३) तामसिक ध्यान से शत्रुकृत् कृत्यादि दोष एवं भूतावेश-जनित रोगों का नाश होता है।

अस्तु, साधक को चाहिए कि वह अपनी कामनासुसार पूर्वोक्त प्रकार में से भैरव के किसी भी स्वरूप का ध्यान करने के पश्चात् मानस-पूजा एवं अर्घ्य-स्थापन के कृत्य करे।

यन्त्र लेखनोपरान्त मूलमन्त्र से मूर्ति की कल्पना करे, पुनः ध्यान करके आवाहनादि कृत्य करने चाहिएँ।

मूलमन्त्र के पाठ के पश्चात् सद्योजात मन्त्र का पाठ करके स्थापन, मूलमन्त्र से सन्निधीकरण, अघोर मन्त्र से सन्निरोधन,

आवाहन, मूलमंत्रपूर्वक वामदेव मंत्र का पाठ करके तत्पुरुष मन्त्र से योनिमुद्रा का प्रदर्शन तथा ईशान मन्त्र से वन्दना करनी चाहिए।

इन मन्त्रों को किसी मन्त्रशास्त्री से ज्ञात कर लेना चाहिए अथवा ऐतद्विषयक ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए। इसके पश्चात् पूजादि से पंच, पुष्पांजलि दान तक के कर्म करके नीचे लिखे अनुसार आवरण-पूजा करनी चाहिए—

आवरण पूजा—

कर्णिका की चारों दिशाओं तथा चार कोनों में—

ॐ ईशानाय नमः। ॐ अघोराय नमः। ॐ तत्पुरुषाय नमः। ॐ सद्योजाताय नमः। ॐ वामदेवाय नमः।

इन मन्त्रों द्वारा पूजन से प्रथम आवरण की पूजा करे। फिर पद्मदलों में—

ॐ असितांग भैरवाय नमः। ॐ रुरु भैरवाय नमः। ॐ चण्ड भैरवाय नमः। ॐ क्रोध भैरवाय नमः। ॐ उन्मत्त भैरवाय नमः। ॐ कपाल भैरवाय नमः। ॐ भीषण भैरवाय नमः। ॐ संहार भैरवाय नमः।

इन अष्ट भैरवों के पूजन से द्वितीय आवरण की पूजा करे। फिर पद्म के भीतर षट्कोण में—

ॐ ह्रं वां हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं वीं शिरसे स्वाहा। ॐ ह्रूं

वूं शिखायै वषट्। ॐ हैं वैं कवचाय हुम्। ॐ ह्रौं वौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ह्रः वः अस्त्राय फट्।

इस प्रकार षडङ्गपूजन तथा पूर्वादि क्रम से ईशान कोण तक—

ॐ डाकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ राकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ लाकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ काकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ साकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ हाकिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ मालिनी पुत्रेभ्यः नमः। ॐ देवी पुत्रेभ्यः नमः।

इन मन्त्रों के पूजन से तृतीय आवरण की पूजा करे। फिर आठ दिशाओं में—

ॐ उमापुत्रेभ्यो नमः। ॐ रुद्रपुत्रेभ्यो नमः। ॐ मातृपुत्रेभ्यो नमः।

इन मन्त्रों के पूजन तथा ऊर्ध्व दिशा में—**ॐ ऊर्ध्वमुखी पुत्रेभ्यो नमः।** तथा अधो दिशा में—**ॐ अधोमुखी पुत्रेभ्यो नमः।**

इन मन्त्रों के पूजन से चतुर्थ आवरण की पूजा करे। फिर उसके बाहर—

बटुकरूपेभ्यो दिक्पालेभ्यो नमः।

इस मन्त्र से अष्ट-दिक्पालों का पूजन करके उसके बाहर—

पूर्वकोणे ब्रह्माणीपुत्राय नमः। ईशाने माहेश्वरी पुत्राय नमः। उत्तरे वैष्णवी पुत्राय नमः। वायुकोणे कौमारी पुत्राय

नमः। पश्चिमे इन्द्राणी पुत्राय नमः। नैर्ऋते महालक्ष्मी पुत्राय नमः। दक्षिणाये वाराही पुत्राय नमः। अग्निकोणे चामुण्डा पुत्राय नमः।

इन मन्त्रों के पूजन से पंचम आवरण की पूजा करे। फिर उसके बाहर दस दिशाओं में—

ॐ हेतुकाय नमः। ॐ त्रिपुरान्तकाय नमः। ॐ वह्निजिह्वाय नमः। ॐ कालान्तकाय नमः। ॐ कपालाय नमः। ॐ एकपादाय नमः। ॐ भीमरूपाय नमः। ॐ अचलाय नमः। ॐ हाटकेश्वराय नमः।

इन मन्त्रों से षष्ठम् आवरण की पूजा करे। फिर ईशान, अग्नि तथा नैर्ऋत कोण में—

योगिनी सहित दिव्ययोगीशाय नमः। योगिनी सहितान्तारी- क्षयोगीशाय नमः। योगिनी सहितभूमिष्ठ योगीशाय नमः। के पूजन से सप्तम आवरण की पूजा समाप्त करे।

पुरश्चरण—इस मन्त्र में पुरुश्चरण में हविष्याशी तथा जितेन्द्रिय होकर इक्कीस लाख की संख्या में जप करके जप का दशाँश घृत, मधु, शर्करा मिश्रित तिल से होम करना चाहिए।

बलि-विधान—सर्वप्रथम गणेश तथा दुर्गा की पूजा करके बलिदान करे। शालिधान्य का अन्न, माँस, घृत, लाजा चूर्ण, शर्करा, गुड़, ईख का रस, पिष्टक तथा मधु—इन सबको एकत्र

कर पिण्ड बनाकर रात्रि के समय रक्त-चन्दन तथा रक्त-पुष्प के साथ बलि निवेदित करनी चाहिए। माँस के स्थान पर खीर का प्रयोग भी किया जा सकता है। अथवा एक सर्वाङ्ग सुन्दर छाग की बलि देनी चाहिए।

बलि-मन्त्र—बलि प्रदान करते समय निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए—

शत्रुपक्षस्य रुधिरं पिशितं च दिने दिने।
भक्षय स्वगणैः सार्द्धं सारमेय समन्वितः।

बलि प्रदान करते समय बुद्धिमान साधक को चाहिए कि वह शत्रुगण की सैन्य आदि को भी बलिरूप में निवेदित कर दे। ऐसा करते समय बलि-मन्त्र में शत्रु का नामोल्लेख करते हुए बलि-प्रदान करनी चाहिए। इससे बटुकदेव प्रसन्न होकर साधक के शत्रुओं का नाश कर देते हैं।

भैरव पूजन यन्त्र जप तथा होम

पूजन का यन्त्र—

ध्यानोपरान्त सिन्दूर का चौका देकर उसमें एक त्रिकोण में चित्र के अनुसार यन्त्र का निर्माण करे—

उक्त यन्त्र में जिस स्थान पर 'ह्रीं' लिखा है, वहाँ दीपक रखकर, संकल्प, न्यास, ध्यान, आवाहनादि द्वारा भैरव का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए।

जप तथा होम की विधि—पूजनोपरान्त यन्त्र के समीप तेल के पके हुए उड़द के बड़े रखकर उनके समीप ही दही तथा गुड़ रखे, थोड़ी-सी सामग्री अछूती अलग रख दे। भोग में बड़े, दही तथा गुड़ को मिलाकर रखना चाहिए।

भैरव के भोग में निम्नलिखित पाँच वस्तुएँ कही गई हैं—

(१) तेल में पके हुए उड़द के बड़े, (२) दही, (३) गुड़, (४) मद्य (शराब) तथा (५) (अग्नि में भुनी हुई छोटी मछली)।

पूर्वोक्त विधि से भोग आदि रखकर एक सहस्र की संख्या में मन्त्र का जप करना चाहिए। तत्पश्चात् जप का दशांश अर्थात् एक सौ की संख्या में घृत और शहद की आहुतियाँ देकर होम करना चाहिए।

इस तरह ग्यारह दिन तक जप, पूजन एवं होम करने से भैरव की सिद्धि होती है। इस प्रकार के तीन प्रयोग कर लेने के पश्चात् कैसा भी कठिन कार्य क्यों न हो, भैरव की कृपा से वह अवश्य पूरा हो जाता है।

भैरव साधना के मन्त्र

यहाँ पर भैरव-साधना की लोक-प्रचलित प्रणालियों, यन्त्र, मन्त्र, तन्त्र आदि का वर्णन किया जाता है। इन प्रयोगों का प्राचीन शास्त्रों अथवा तन्त्र ग्रंथों में कोई उल्लेख नहीं है, परन्तु ये प्रणालियाँ लोक में अत्यधिक प्रचलित हैं। अस्तु, पाठकों की जानकारी के लिए ही इन्हें यहाँ संकलित किया गया है। इन प्रणालियों के सत्यासत्य के विषय में पाठकों स्वयं निर्णय करना चाहिए। इन मन्त्रों का स्वरूप और शब्द शैली शाबर मन्त्रों के अनुरूप है अतः कई पाठक इन्हें भैरव शाबर मन्त्र भी कहते हैं।

भैरव साधना मन्त्र (१)

ॐ नमो काल गौराक्षेत्रपाल बामं हाथं कान्ति जीवन हाथ कृपाल ॐ गंती सूरजथंभ प्रातःसायं रथभंजलतो विसाररारथंभ कुसीचाल पाषान चाल शिला चाल हो चाली न चाले तो पृथ्वी मारे को पाप चलिये चोखा मंत्र ऐसाकुनी अबनारहसही।

यह मंत्र एक लाख जपने तथा जप का दशांश होम करने से सिद्ध होता है। प्रतिदिन प्रातःकाल पवित्र होकर यथाविधि पूजनादि करने के पश्चात् यथाशक्ति संख्या में मंत्र का जप करना चाहिए। प्रतिदिन जप के पश्चात् निम्नलिखित मंत्र का उच्चारण करते हुए नमस्कार करना चाहिए—**ह्रीं ह्रों नमः।**

इस प्रकार साधन करने से श्री भैरव सिद्ध हो जाते हैं और वे साधक की प्रत्येक अभिलाषा पूर्ण करते हैं।

भैरव साधना मन्त्र (२)

भैरव-साधना का दूसरा लोकप्रचलित मंत्र इस प्रकार है—

ॐ काली कंकाली महाकाली के पुत्र कंकाल भैरव हुकुम हाजिर रहे मेरा भेजा काल करै, भेजा रक्षा करै, आनबाँधूं बानबाँधूं, चलते फूल में जाय कोठे जी पड़े, थर थर कांपै, हल हल हलै, गिरि गिरि परै, उठ उठ भगै, बक बक बकै, मेरा भेजा सवा घड़ी, सवा पहर, सवा दिन, सवा मास, सवा बरस को बावला न करौ तौ माता काली की शैया पै पगधरैं। वाचा चूकै तौ ऊमा सूखें, वाचा छोड़ कुवाचा करै, धोबी की नाद चमार के कूंडे में परै, मेरा भेजा बावला न करै तौ रुद्र के नेत्र के आग की ज्वाला कढै, सिर की लटा टूट भूमि में गिरै, माता पार्वती के चीर पै चोट पड़ै, बिना हुकुम नहीं मारना हो काली के पुत्र कंकाल भैरव। फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा सत्यनाम आदेश गुरु को।

इस मंत्र को कालरात्रि अथवा सूर्यग्रहण की रात्रि में सिद्ध करना चाहिए। त्रिखूटा चौका देकर दक्षिण की ओर मुँह करके बैठ जाए तथा एक सहस्र मंत्र का जाप करे। तत्पश्चात् लाल कनेर के पुष्प, रक्त, सिन्दूर, लौंग का जोड़ा तथा चौमुखा दीपक जलाकर आगे रखे एवं जप का दशाँश अर्थात् सौ की

संख्या में आहुति देकर हवन करे।

जिस समय भैरव भयंकर रूप धारण कर सामने आयें, उस समय उनसे भयभीत न हों, अपितु पुष्पों की माला को उनके गले में डालकर तुरन्त ही उनके सामने लड्डू रख दें। इस विधि से भैरव साधक पर प्रसन्न हो जाते हैं और वर माँगने के लिये कहते हैं। उस समय साधक को चाहिए कि वह उनसे त्रिवाचा भरवाकर सदैव वशीभूत रहने का वचन ले ले। ततपश्चात् अपने मन की अभिलाषा को भैरव के समक्ष प्रकट कर दे। भैरव साधक की उस अभिलाषा को पूर्ण कर देते हैं तथा भविष्य में भी साधक के वशीभूत रहकर उसकी मनोकामनाओं को पूर्ण करते रहते हैं।

भैरव साधना मन्त्र (३)

पूर्वोक्त मन्त्र का दूसरा स्वरूप पाठ-भेद के अनुसार निम्नलिखित है—

ॐ नमो काली कंकाली, महाकाली के पूत कंकाली भैरव हुक्मे हाजिर रहै, मेरा भेजा तुरत करे रक्षा करे, आन बाँधूं बान बांधू, चलते फितरे को ओसान बाँधूं, दशोदिशा बाँधू, नौनाड़ी बहत्तर कोण बाँधू, फूल में भेजू फूल में जाय काठे जी पड़े, थर थर काँपै, हल हल हलै, गिर गिर परै, उठ उठ भगै, बक बक बकै, मेरा भेजा सवा घड़ी सवा पहर सवा दिन सवा मास सवा बरस का बावला न करे तो काली माता

की शय्या पर पाँव धरे, वचन जो चूकै तो समुद्र सूखै, वाचा छोड़ कुवाचा करै तो धोबी की नाद चमार के कुण्ड में परै, मेरा भेजा बावला न करै तो रुद्र के नेत्र से अग्नि ज्वाला कढ़ै, सिर की जटा टूटि भूमि पर गिरै, माता पार्वती के चीर पै चोट, पड़ै बिना हुक्म के नहीं मारना, हो काली के पुत्र कंकाल भैरव फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

इन मन्त्र की साधना-विधि यह है कि सूर्य-ग्रहण की रात्रि में त्रिकोण चौका लगाकर लाल कनेर के फूल, सिंदूर, लड्डू, जोड़ा लौंग तथा चौमुखा दीपक रखकर दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके दशाँश हवन करे तो भैरव भयंकर रूप रखकर साधक के सामने आयेंगे, उस समय उनसे भयभीत न होकर उनके गले में माला पहनाकर सामने लड्डू रख दे। उसके बाद साधक जो भी काम कराना चाहे, भैरव कृपा करके उसे पूरा कर देते हैं।

भैरव चेटक

"ॐ नमो भैरवाय स्वाहा।"

इस नवाक्षर मंत्र का चालीस हजार की संख्या में जप करके गोधूलि का दशांश हवन करे। इस विधि से अठारह दिन तक जप तथा हवन करते रहने से भैरव प्रसन्न होकर साधक की मनोकामना को पूर्ण करते हैं।

आपत्ति उद्धारक बटुक यन्त्र

इस यन्त्र को भोजपत्र के ऊपर अष्टगंध से लिखकर, सोने, चाँदी अथवा ताँबे के ताबीज में भरकर दाईं भुजा अथवा कण्ठ में धारण करने से सभी विपत्तियों से छुटकारा मिलता है। यन्त्र के बीच में जहाँ 'अमुक' शब्द लिखा है, वहाँ व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए।

त्रिपुर भैरव यन्त्र

इस यन्त्र को नागर बेल के पान पर कर्पूर, केसर, कस्तूरी, चन्दन से लिखकर तैयार कर लें। यन्त्र के मध्य में रोगी व्यक्ति का नाम भी लिखें। इस तरह से यन्त्र बनाकर "**ॐ ह्रीं भैरवाय नमः**" इस मन्त्र का १०८ बार जप करके यन्त्रपत्र को

अभिमन्त्रित करने के बाद रविवार को अपने आप गिरे हुए पीपल के पत्ते में लपेटकर मलेरिया ज्वर के रोगी की भुजा पर बाँध देने से ज्वर समाप्त होता है। जिस मलेरिया के लिए कुनैन जैसी तीव्र और उष्णवीर्य औषधि दी जाती है, वह इस यन्त्र की सामान्य चिकित्सा से ठीक हो जाती है। आज भी तान्त्रिक इस यन्त्र के श्रद्धानुरूप प्रयोग द्वारा जो एक-दो या तीन दिन छोड़कर आने वाले ज्वर हैं उनका अचूक उपचार इस यन्त्र के माध्यम से कर दिया करते हैं।

बटुक भैरव षटकर्म प्रयोग

(रुद्रयामल तन्त्र के अन्तर्गत एक दिन के प्रयोग)

१. स्तम्भन प्रयोग

रविवार के दिन प्रातःकाल श्मशान में जाकर मूलमन्त्र का १०,००० जप करे तथा अर्धरात्रि के समय जायफल, जावित्री तथा कनेर के फूल घृत में मिलाकर दशांश हवन करे तो शत्रुस्तम्भन होता है।

२. मोहन प्रयोग

सोमवार को मध्याह्न के समय कूपजल से स्नान कर पूजास्थल में बैठकर मूलमन्त्र का १०,००० तप करे तथा महिषी का घृत, दही और चीनी इनको मिलाकर हवन करे तथा हवन का तिलक करे तो जो देखे वही वश में हो।

३. मारण प्रयोग

मंगलवार को अर्धरात्रि के समय चौराहे पर जाकर मूलमन्त्र का १०,००० जप करे। घृत, खीर, लाल चन्दन व स्त्री के केश मिलाकर दशांश हवन करे तो काल के समान होने पर भी शत्रु अवश्य नाश को प्राप्त हो।

४. आकर्षण प्रयोग

बुधवार को चार घड़ी सूर्य रहे तब सूने घर में जाकर

मूलमन्त्र का जप १०,००० करे। फिर घृत, खाँड, सनैली का फूल अथवा कनेर के फूल, बिल्व का फल, इन सबकी दशांश आहुति दे तो रम्भादिक अप्सरा भी आकर्षित हों।

५. वशीकरण प्रयोग

बृहस्पतिवार को प्रातःकाल सूर्योदय के समय नदी के किनारे जाकर मूलमन्त्र का १०,००० जप करे तथा घृत, आंवला और बिल्वपत्र का दशांश हवन करे तो वशीकरण हो।

६. उच्चाटन प्रयोग

शुक्रवार के दिन सायंकाल वटवृक्ष के नीचे बैठकर मूलमन्त्र का १०,००० जप करे फिर घृत, दूध, दही, ईख का रस, गोमूत्र और खीर मिलाकर दशांश का हवन करे तो शत्रु का उच्चाटन हो।

(१) अथ मूलमन्त्रः

ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणं कुरु कुरु बटुकाय ह्रीं ॐ स्वाहा॥

(२) श्री भैरवमन्त्रः

ॐ बं बं बं बटुकभैरवाय नमः। कृष्णभैरवाय नमः।

विविध प्रयोगों के लिए हवन सामग्री

१. वशीकरण के लिये—लाल पुष्प।
२. लक्ष्मी प्राप्ति के लिये—कमल पुष्प।
३. दीर्घ आयु के लिये—दूर्वा।
४. रोगनाश के लिये—गुड़।
५. वस्त्र प्राप्ति के लिये—वस्त्र।
६. धान्य प्राप्ति के लिये—धान्य।
७. सर्वसिद्धि के लिये—पुत्रजीवी के फल।
८. पुत्र प्राप्ति के लिये—अश्वत्थसमिधा।
९. शत्रुनाश के लिये—लवण व घृत।
१०. वाक्‌सिद्धि के लिये—पलाश के फूल।
११. कवित्वप्राप्ति के लिये—कर्पूर-अगरु-गूगल।
१२. राजवश्य के लिये—सरसों तथा पटसन।
१३. अन्नवृद्धि के लिये—घृताक्त अन्न।
१४. चिरंजीविता के लिये—लाजा और घृत।

इसी प्रकार बहुत-सी वस्तुओं के द्वारा 'तिलक' करने से, 'अञ्जन' बनाकर लगाने से, 'मार्जन' करने से तथा अन्य तान्त्रिक विधानों से भी कार्यसिद्धियाँ होती हैं।

इस सब में श्रीबटुकभैरव का मन्त्र-जप आवश्यक है।

आपदुद्धारक बटुक-भैरव-अष्टोत्तर शतनामावली का पाठ भी इन कार्यों की सिद्धि के लिये अत्यन्त उपयोगी माना गया है। ग्रहण अथवा उत्तम पर्वों के अवसर पर मन्त्र का पुरुश्चरण कर लेने से ये प्रयोग शीघ्र फल प्रदान करने वाले कहे गये हैं।

श्री बटुक भैरव कवचम्

ॐ अस्य श्री बटुक भैरव कवचस्य आनन्द भैरव ऋषि त्रिष्टुप्छन्दः श्री बटुक भैरवो देवता बं बीज ह्रीं शक्तिः ॐ बटुकायेति कीलकं ममाभीष्ट सिद्धयर्थेजपेविनियोगः॥

·श्री महादेव उवाच

प्रीयतां भैरवो देवै नमो वै भैरवाय च।
देवेशि देहरक्षायं कारणं कथ्यतां ध्रुवम्॥ १॥
म्रिर्यतेसाधका येन बिना श्मशानभूमिषु।
रणेषु चातिघोरेषु महामृत्युभये च॥ २॥
शृंगीसलिल वज्रेषु ज्वरादिव्याधि वह्निषु।

देव्युवाच

कथयामि शृणु प्राज्ञ बटुक कवचं शुभम्॥ ३॥
गोपनीयं प्रयत्नेन मातृकाजारजो यथा।
ॐ सहस्त्रारे महाचक्रे कर्पूरधवले गुरुः॥ ४॥
पातु माँ बटुको देवो भैरवः सर्वकर्मसु।
पूर्वस्याामसितांगो मां दिशि रक्षतु सर्वदा॥ ५॥

आग्नेय्यां च रुरुः पातु दक्षिणे चण्डभैरवः।
नैऋत्यां क्रोधनः पातु उन्मतः पातुपश्चिमे॥ ६॥
वायव्यां मां कपाली च नित्यं पायात्सुरेश्वरः।
भीषणो भैरवः पातु उत्तरस्यां तु सर्वदा॥ ७॥
संहारभैरवः पायादीशन्यां च महेश्वरः।
ऊर्ध्वं पातु विधाता च पाताले नंदको विभुः॥ ८॥
सद्योजातस्तु मां पायात्सर्वतो देवसेवितः।
वामदेवो वनांते च वने घोरस्तथाऽस्तु॥ ९॥
जले तत्पुरुषः पातु स्थले ईशान एव च।
डाकिनी पुत्रकः पातु पुत्रान मे सर्वतः प्रभुः॥१०॥
हाकिनी पुत्रकः पातु दारांस्तु लाकिनीसुतः।
पातु शाकिनिका पुत्र सैन्यं वै कालभैरवः॥११॥
मालिनी पुत्रकः पातु पशूनश्वान् गजांस्तथा।
महाकालोऽवतु क्षेत्रं श्रियं मे सर्वतो गिरा॥१२॥
वाद्यं वाद्यप्रियः पातु भैरवो नित्य संपदा।
एतत्कवचमीशान तव स्नेहात्प्रकाशितम्॥१३॥
नारव्येयं नरलोकेषु सारभूतं मुरप्रियम्।
यस्मै कस्मै न दातव्य कवचं सुरदुर्लभम्॥१४॥
न देयं परशिष्येभ्यः कृपणेभ्यश्च शंकर।
यो ददाति निषिद्धेभ्यः सर्वभ्रष्टो भवेत्किल॥१५॥
अनेन कवचेनैव रक्षा कृत्वा विचक्षणः।
विचरन्यत्र कुत्रापि न विघ्नैः परिभूयते॥१६॥

मंत्रेण रक्षते योगी कवच रक्षक यतः।
तस्मात्सर्व प्रयत्नेन दुर्लभं पाप चेतसाम्॥१७॥
भूर्जे रभांत्वचि वापि लिखित्वा विधिवत्प्रभो।
कुंकुमेनाष्टगंधेन गोरोचनैश्च केसरैः॥१८॥
धारयेत्पाठयेद्वापि संपठेद्वापि नित्यशः।
संप्राप्नोप्ति फलं सर्वं नात्रकार्या विचारणा॥१९॥
सततं पठयते यत्र तत्र भैरव संस्थितिः।
न शक्नोमि प्रभावं वै कवचस्यास्य वर्णितुम्॥२०॥
नमोभैरव देवाय सर्वभूताय वै नमः।
नमस्त्रैलोक्यनाथाय नाथनाय वै नमः॥२१॥

इति श्री भैरवतन्त्रे देवीरहस्योक्तं श्री बटुकभैरव कवचम् समाप्तम्॥

श्री स्वर्णाकर्षण-भैरव-स्तोत्रम्

यह स्तोत्र रुद्रयामल तन्त्र में ईश्वर और दत्तात्रेय के संवादरूप में कहा गया है। इसके आरम्भ में श्रीमार्कण्डेय ऋषि ने इस स्तोत्र के लिए पूछा है तथा श्रीनन्दिकेश्वर ने लोकोपकार की दृष्टि से इसका कथन किया है। वहीं इसका फल कहा गया है कि—यह दुर्लभ स्तोत्र है, सर्वपापों का नाशक है। सर्वविध सम्पत्ति का दाता, दरिद्रता को मिटाने वाला, आपत्ति निवारक, अष्टविध ऐश्वर्यदाता, विजयप्रद, कीर्तिकारी, सौन्दर्यकर, स्वर्णादि

अष्टसिद्धि का दाता सर्वोत्तम एवं भुक्ति-मुक्ति को देने वाला है। महाभैरव के भक्त, सेवाभावी, निर्धन तथा गुरुभक्त को यह स्तोत्र देना चाहिए। इतना कहकर ब्रह्मा, विष्ण और शिवरूप श्री भैरव का यह स्तोत्र सुनाया गया है।

इस स्तोत्र का विनियोग, ऋष्यादिन्यास, करन्यास, हृदयादिन्यास, ध्यान और मुद्राप्रदर्शन करके भक्तिपूर्वक पाठ करना चाहिए।

पूरा स्तोत्र तीन अंशों में है, जिनमें पहला अंश स्तोत्र की प्राप्ति के उपक्रम और महत्त्व का सूचक है। दूसरा अंश मूल स्तोत्ररूप है, जिसमें श्री स्वर्णाकर्षण भैरव के प्रस्तुत स्तोत्र के विनियोग, ऋष्यादिन्यास, करन्यास, हृदयादिन्यास, ध्यान एवं मुद्रा-प्रदर्शन का निर्देश करके नमस्कार सहित नामावलीरूप स्तोत्र का पाठ दिया है। तीसरा अंश स्तोत्र की फलश्रुति का है जिसमें स्तोत्र-पाठ के फल और पाठ-विधि के संकेत हैं।

स्तोत्र-प्रारम्भ

(स्तोत्र-प्राप्ति का उपक्रम एवं महत्त्व)

भगवन् प्रमथाधीश शिवतुल्य-पराक्रम्।
पूर्वमुक्तस्त्वया मन्त्री भैरवस्य महात्मनः॥ १॥
इदानीं श्रोतुमिच्छामि तस्य स्तोत्रमनुत्तमम्।
तत्केनोक्तं पुरा स्तोत्रं पठनात् तस्य किं फलम्॥ २॥
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि ब्रूहि मे नन्दिकेश्वर।

नन्दिकेश्वर उवाच

अयं प्रश्नो महाभाग! लोकानामुपकारकः॥ ३॥
स्तोत्रं बटुकनाथस्य दुर्लभं भुवनत्रये।
सर्वपाप-प्रशमनं सर्वसम्पत्-प्रदायकम्॥ ४॥
दारिद्र्यनाशनं पुंसामापदामपहारकम्।
अष्टैश्वर्यप्रदं नृणां पराजय-विनाशनम्॥ ५॥
महाकीर्त्तिप्रदं पुंसामसौन्दर्य-विनाशनम्।
स्वर्णाद्यष्ट महासिद्धि प्रदायकमनुत्तमम्॥ ६॥
भुक्तिमुक्तिप्रदं स्तोत्रं भैरवस्य महात्मनः।
महाभैरवभक्ताया सेविने निर्धनाय च॥ ७॥
निजभक्ताय वक्तव्यमन्यथा शापमाप्नुयात्।
स्तोत्रमेतद् भैरवस्य ब्रह्म-विष्णु-शिवात्मकम्॥ ८॥
शृणुष्व रुचितो ब्राह्मन्! सर्वकाम-प्रदायकम्।

विनियोगः—

ॐ अस्य श्रीस्वर्णाकर्षणभैरव-स्तोत्रमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः अनुष्टुप्छन्दः स्वर्णाकर्षणभैरव-परमात्मा देवता ह्रीं बीजं क्लीं शक्तिः सः कीलकं मम सर्वकामसिद्ध्यर्थे पाठे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यासः—

ब्रह्मर्षये नमः (शरसि), **अनुष्टुप्छन्दसे नमः** (मुखे), **स्वर्णाकर्षणभैरवपरमात्मने नमः** (हृदये), **ह्रीं बीजाय नमः** (गुह्ये), **क्लीं शक्तये नमः** (पादयो), **सः कीलकाय नमः** (नाभौ), **विनियोगाय नमः** (सर्वांगे)।

कर-हृदयादिन्यासः—

प्रथम बार	द्वितीय बार
ह्रां—अंगुष्ठाभ्यां नमः।	हृदयाय नमः।
ह्रीं—तर्जनीभ्यां नमः।	शिरसे स्वाहा।
ह्रूं— मध्यमाभ्यां नमः।	शिखायै वषट्।
ह्रैं—अनामिकाभ्यां नमः।	कवचाय हुम्।
ह्रौं—कनिष्ठिकाभ्यां नमः।	नेत्रत्रयाय वौषट्।
ह्रः—करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।	अस्त्राय फट्।

ध्यानम्—

पारिजातद्रुकान्तारे, स्थिते माणिक्य-मण्डपे।
सिंहासनगतं वन्दे, भैरवं स्वर्णदायकम्॥
गाङ्गेयपात्रं डमरुं त्रिशूलं, वरं करैः सन्दधतं त्रिनेत्रम्।
देव्या युतं तप्तसुवर्णवर्णं, स्वर्णाकृषं भैरवमाश्रयामि॥

मूल स्तोत्र-पाठ

ॐ नमस्ते भैरवाय ब्रह्मविष्णु-शिवात्मने।
नमस्त्रैलोक्यवन्द्याय वरदाय वरात्मने॥ १॥
रत्नसिंहासनस्थाय दिव्याभरणशोभिने।
दिव्यमाल्य-विभूषाय नमस्ते दिव्यमूर्तये॥ २॥
नमस्तेऽनेकहस्ताय अनेकशिरसे नमः।
नमस्तेऽनेकनेत्राय अनेकविभवे नमः॥ ३॥

नमस्तेऽनेककण्ठाय अनेकांसाय ते नमः।
नमस्तेऽनेकपाश्र्वाय नमस्ते दिव्यतेजसे॥ ४॥
अनेकायुधयुक्ताय अनेक सुरसेविने।
अनेक गुणयुक्ताय महादेवाय ते नमः॥ ५॥
नमो दारिद्र्यकालाय महासम्पत्प्रदायिने।
श्रीभैरवी-संयुक्ताय त्रिलोकेशाय ते नमः॥ ६॥
दिगम्बर नमस्तुभ्यं दिव्याङ्गाय नमो नमः।
नमोऽस्तु दैत्यकालाय पापकालाय ते नमः॥ ७॥
सर्वज्ञाय नमस्तुभयं नमस्ते दिव्यचक्षुषे।
अजिताय नमस्तुभ्यं जितामित्राय ते नमः॥ ८॥
नमस्ते रुद्ररूपाय महावीराय ते नमः।
नमोऽस्त्वनन्तवीर्याय महाघोराय ते नमः॥ ९॥
नमस्ते घोरघोराय विश्वघोराय ते नमः।
नम उग्राय शान्ताय भक्तानां शान्तिदायिने॥ १०॥
गुरवे सर्वलोकानां नमः प्रणवरूपिणे।
नमस्ते वाग्भवाख्याय दीर्घकामाय ते नमः॥ ११॥
नमस्ते कामराजाय योषित्कामाय ते नमः।
दीर्घमायास्वरूपाय महामायाय ते नमः॥ १२॥
सृष्टिमाया-स्वरूपाय विसर्गसमयाय ते।
सुरलोक-सुपूज्याय आपदुद्धारणाय च॥ १३॥
नमो नमो भैरवाय महादारिद्र्यनाशिने।
उन्मूलने कर्मठाय अलक्ष्म्याः सर्वदा नमः॥ १४॥

नमोऽजामलबद्धाय नमो लोकेश्वराय ते।
स्वर्णाकर्षणशीलाय भैरवाय नमो नमः॥ १५॥
मम दारिद्र्य-विद्वेषणाय लक्ष्याय ते नमः।
नमो लोकत्रयेशाय स्वानन्द निहिताय ते॥ १६॥
नमः श्री बीजरूपाय सर्वकामप्रदायिने।
नमो महाभैरवाय श्रीभैरव नमो नमः॥ १७॥
धनाध्यक्ष नमस्तुभ्यं शरण्याय नमो नमः।
नमः प्रसन्नरूपाय आदिदेवाय ते नमः॥ १८॥
नमस्ते मन्त्ररूपाय नमस्ते रत्नरूपिणे।
नमस्ते स्वर्णरूपाय स्वर्णाय नमो नमः॥ १९॥
नमः सुवर्णवर्णाय महापुण्याय ते नमः।
नमः शुद्धाय बुद्धाय नमः संसारतारिणे॥ २०॥
नमो देवाय गुह्याय प्रचलाय नमो नमः।
नमस्ते बालरूपाय परेषां बलनाशिने॥ २१॥
नमस्ते स्वर्णसंस्थाय नमो भूतलवासिने।
नमः पातालवासाय अनाधाराय ते नमः॥ २२॥
नमो नमस्ते शान्ताय अनन्ताय नमो नमः।
द्विभुजाय नमस्तुभयं भुजत्रयसुशोभिने॥ २३॥
नमोऽणिमादि-सिद्धाय स्वर्णहस्ताय ते नमः।
पूर्णचन्द्र-प्रतीकाशवदनाम्भोज शोभिने॥ २४॥
नमस्तेऽस्तु स्वरूपाय स्वर्णालङ्कारशोभिने।
नमः स्वर्णाकर्षणाय स्वर्णाभाय नमो नमः॥ २५॥

नमस्ते स्वर्णकण्ठाय स्वर्णाभाम्बरधारिणे।
स्वर्णसिंहासनस्थाय स्वर्णपादाय ते नमः॥ २६॥
नमः स्वर्णाभपादाय स्वर्णकाञ्चीसुशोभिने।
नमस्ते स्वर्णजङ्घाय भक्तकामदुघात्मने॥ २७॥
नमस्ते स्वर्णभक्ताय कल्पवृक्षस्वरूपिणे।
चिन्तामणिस्वरूपाय नमो ब्रह्मादि-सेविने॥ २८॥
कल्पद्रुमाधःसंस्थाय बहुस्वर्ण-प्रदायिने।
नमो हेमाकर्षणाय भैरवाय नमो नमः॥ २९॥
स्तवेनानेन सन्तुष्टो भव लोकेश भैरव।
पश्य मां करुणादृष्ट्या शरणागतवत्सल॥ ३०॥

फलश्रुतिः

श्रीमहाभैरवस्येदं स्तोत्रमुक्तं सुदुर्लभम्।
मन्त्रात्मकं महापुण्यं सर्वैश्वर्य-प्रदायकम्॥ ३१॥
यः पठेन्नित्यमेकाग्रं पातकैः स प्रमुच्यते।
लभते महतीं लक्ष्मीमष्टैश्वर्यमवाप्नुयात्॥ ३२॥
चिन्तामणिमवाप्नोति धेनुं कल्पतरुं ध्रुवम्।
स्वर्णराशिमवाप्नोति शीघ्रमेव स मानवः॥ ३३॥
त्रिसन्ध्यं यः पठेत् स्तोत्रं दशावृत्त्या नरोत्तमः।
स्वप्ने श्रीभैरवस्तस्य साक्षाद् भूत्वा जगद्गुरुः॥ ३४॥
स्वर्णराशिं ददात्यस्मै तत्क्षणं नास्ति संशयः।
अष्टावृत्त्या पठेद् यस्तु सन्ध्यायां वा नरोत्तमः॥ ३५॥
लभते सकलान् कामान् सप्ताहान्नात्र संशयः।
सर्वदा यः पठेत् स्तोत्रं भैरवस्य महात्मनः॥ ३६॥

लोकत्रयं वशीकुर्यादचलां श्रियमाप्नुयात्।
न भयं विद्यते क्वापि विषभूतादि-सम्भवम्॥ ३७॥
म्रियन्ते शत्रवस्तस्य ह्यलक्ष्मी नाशमाप्नुयात्।
अक्षयं लभते सौख्यं सर्वदा मानवोत्तमः॥ ३८॥
अष्टपञ्चाद् वर्णाढ्यो मन्त्रराजः प्रकीर्तितः।
दारिद्र्यदुःखशमनः स्वर्णाकर्षण-कारकः॥ ३९॥
य एनं सञ्जपेद् धीमान् स्तोत्रं वा प्रपठेत् सदा।
महाभैरव-सायुज्यं सोऽन्तकाले लभेद् ध्रुवम्॥ ४०॥

इति श्रीरुद्रयामले तन्त्रे ईश्वर-दत्तात्रेयसंवादे
स्वर्णाकर्षण-भैरवस्तोत्रं सम्पूर्णम्।

इस फलश्रुति का सार यह है कि—महाभैरव का यह स्तोत्र अति दुर्लभ है, मन्त्रात्मक, महापुण्य एवं सर्वैश्वर्य का दाता है। इसके एकाग्रचित्त होकर एकान्त में पाठ से पाप-मुक्ति, महान् लक्ष्मी, चिन्तामणि-कामधेनु-कल्पतरु के समान अष्ट ऐश्वर्य तथा शीघ्र ही स्वर्णराशि की प्राप्ति होती है। त्रिकाल दस पाठ करने से स्वप्न में साक्षात भैरव भगवान् पधारकर तत्काल स्वर्णराशि प्रदान करते हैं। प्रतिदिन आठ आवृत्ति करने से साधक एक सप्ताह में ही इच्छित फल प्राप्त करता है। नित्य पाठ से सर्व वशीकरण, अचल लक्ष्मी की प्राप्ति, भयनाश, शत्रुनाश, दरिद्र्यनाश तथा अक्षयसौख्य प्राप्त होते हैं।

श्री क्षेत्रपाल-भैरवाष्टक-स्तोत्रम्

ॐ यं यं यं यक्षरूपं दश दिशिवदनं भूमिकम्पायमानं,
सं सं संहारमूर्ति शुभमुकुटजटाशेखरं चन्द्रबिम्बम्।
दं दं दं दीर्घकायं विकृतनखमुखं चोर्ध्वरोमं करालं,
पं पं पं पापनाशं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ १॥

रं रं रं रक्तवर्ण कटकटिततनुं तीक्षणदंष्ट्राविशालं,
घं घं घं घोरघोषं घ घ घ घ घटितं घर्घराघोरनादम्।
कं कं कं कालरूपं धगधगधगितं ज्वालितं कामदेहं,
दं दं दं दिव्यदेहं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ २॥

लं लं लं लम्बदन्तं लललललुलितं दीर्घजिह्वं करालं,
धूं धूं धूं धूम्रवर्ण स्फुटविकृतमुखं भासुरं भीमरूपम्।
रुं रुं रुं रुण्डमालं रुधिरमयमुखं ताम्रनेत्रं विशालं,
नं नं नं नग्नरूपं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ३॥

वं वं वं वायुवेगं प्रलयपरिमितं ब्रह्मरूपं स्वरूपं,
खं खं खं खड्गहस्तं त्रिभुवननिलयं भास्करं भीमरूपम्।
चं चं चं चालयन्तं चलचलचलितं चालितं भूतचक्रं,
मं मं मं मायकायं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ४॥

शं शं शं शङ्खहस्तं शशिकरधवलं पूर्णतेजःस्वरूपं,
भं भं भं भावरूपं कुलमकुलकुलं मन्त्रमर्तिं स्वतत्त्वम्।

भं भं भं भूतनाथं किलकिलकितवचश्चारु जिह्वालुलुन्तं,
अं अं अं अन्तरिक्षं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ५॥

खं खं खं खड्गभेदं विषममृतमयं काल-कालान्धकारं,
क्षिं क्षिं क्षिं क्षिप्रवेगं दह दह दहनं नेत्रसन्दीप्यमानम्।
हूं हूं हुङ्कारशब्दं प्रकटितगहनं गर्जितं भूमिकम्पं,
बं बं बं बाललीलं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ६॥

सं सं सं सिद्धियोगं सकलगुणमयं देवदेवं प्रसन्नं,
पं पं पं पद्मनाभं हरिहरवदनं चन्द्रसूर्याग्निनेत्रम्।
यं यं यं यक्षनाथं सततभयहरं सर्वदेवस्वरूपम्,
रौं रौं रौं रौद्ररूपं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ७॥

हं हं हं हंसघोषं हसितकहकहाराव-रौद्राट्टहासं,
यं यं यं यक्षरूपं शिरसि कनकजं मौकुटं सन्दधानम्।
रं रं रं रङ्गरङ्ग-प्रहसितवदनं पिङ्गलं श्यामवर्णं,
सं सं सं सिद्धनाथं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥ ८॥

एवं वै भावयुक्तः प्रपठति मनुजो भैरवस्याष्टकं यो,
निर्विघ्नं दुःखनाशं भवति भयहरं शाकिनीनां विनाशम्।
दस्यूनां व्याघ्रसर्पोद्भवजनितभियां जायते सर्वनाशः,
सर्वे नश्यन्ति दुष्टा ग्रहगणविषमा लभ्यते चेष्टसिद्धिः॥ ९॥

॥ इति श्री विश्वसारोद्धारे क्षेत्रपाल भैरवाष्टस्तोत्रम्॥

श्री बटुक भैरव ब्रह्म कवचराज

भगवती पार्वती द्वारा हठपूर्वक पूछने पर भगवान शंकर ने कृपा करके जो बटुकभैरव ब्रह्म कवचराज बतलाया था, वह इस प्रकार है—

अथ विनियोगः—

अस्य श्री बटुकभैरवकवचराजस्य भैरवऋषिरनुष्टुप्छन्दो बटुकभैरवो देवता मम सर्वार्थसाधने विनियोगः।

इतना कहकर विनियोगार्थ जल छोड़ें तथा नीचे लिखे श्लोकों का उच्चारण करते हुए उन-उन सूचित स्थानों पर तत्त्वमुद्रा से स्पर्श करते हुए न्यास करें अथवा केवल भावना-पूर्वक पाठ करें।

ॐ पातु शिरसि नित्यं पातु ह्रीं कण्ठदेशके।
बटुकं पातु हृदये आपदुद्धारणाय च॥ १॥
कुरुद्वयं में लिंगस्य आधारे बटुकाय च।
सर्वदा पातु ह्रीं बीजं वाह्वोर्युगलमेव च॥ २॥
षडङ्गसहितो देवो नित्यं रक्षतु भैरवः।
ॐ ह्रीं बटुकाय सततं सर्वांगे मम सर्वदा॥ ३॥
ॐ ह्रीं कालाय पादयोः पातु पातु वीरासनं हृदि।
ॐ ह्रीं महाकालः शिरः पातु कण्ठदेशे तु भैरवः॥ ४॥

दण्डपाणिर्गुह्यमूले भैरवी-सहितस्ततः।
ललिता भैरवः पातु अष्टाभिः शक्तिभिः सह॥ ५॥
विश्वनाथः सदा पातु सर्वाङ्गे मम सर्वदा।
अन्नपूर्णा सदा पातु अंसं रक्षतु चण्डिका॥ ६॥
असिताङ्ग शिरः पातु ललाटं पातु भैरवः।
चण्डभैरवः पातु वक्त्रे कण्ठे श्रीक्रोधभैरवः॥ ७॥
मूलाधारं भीषणश्च बाहुयुग्मं च भैरवः।
हंसबीजं पातु हृदि सोऽहं रक्षतु प्राणयोः॥ ८॥
प्राणापानसमानं च उदानं व्यानमेव च।
रक्षन्तु द्वारमूले तु दशदिक्षु समन्ततः॥ ९॥
प्रणवः पातु सर्वांग लज्जाबीजं महाभये।
इति श्रीब्रह्मकवचं भैरवस्य प्रकीर्तितम्॥ १०॥

श्री भैरव जी की आरती (१)

ॐ जय जय जय भैरव बाबा। स्वामी जय जय भैरव बाबा॥

नमो विश्व भूतेश भुजंगी मंजुल कहलावा।
उमानन्द अमरेश विमोचन जनपद सिरनावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

काशी के कुतवाल आपको सकल जगत ध्यावा।
स्वान सवारी बटुकनाथ प्रभु मद पी हरषावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

रवि के दिन जग भोग लगावैं मोदक तन भावा।
भीषण भीम कृपालु त्रिलोचन खप्पर भर खावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

शेखर चन्द्र कृपाल शशि प्रभु मस्तक चमकावा।
गलमुण्डन की माल सुशोभित सुन्दर दरसावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

नमो नमो आनन्द कन्द प्रभु लटगत मठ झावा।
कर्ष तुण्ड शिव कपिल त्रयम्बक यश जग में छावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

जो जन तुम्हरो ध्यान लगावत संकट नहिं पावा।
छीतरमल जन शरण तुम्हारी आरति प्रभु गावा॥
ॐ जय जय भैरव बाबा।

श्री बटुक भैरव की आरती (२)

आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
विपदा विदारण भक्त हृदय की॥
हाथ त्रिशूल गले मुण्डमाला।
डमरू खड्ग त्रिनेत्र विशाला॥
राजत चन्द्रकला शिव नीकी।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
क्षेत्रपाल शमशान के वासी।
व्यालपवीत हाथ यम फँासी॥
शोभित रूप दिगम्बर नीकी
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
जयशंकर प्रियबन्धन हारी।
बलिमुकनाथ शत्रुलयकारी॥
वाहन स्वान जगत के फीकी।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
व्याघ्र चर्म पहिरत योगिनपति।
काशी द्वारपाल भैरव पति॥
पशुपति भिक्षुक भेष वटुक की।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।

मूसल दक्षिण अंग बहन्ता।
खप्परधारी योगिन कन्ता॥
अष्टमूर्ति भूधर योगी की।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
दिगम्बर बटुकेश कृपाला।
काल शमन कंकाल कपाला॥
नाश करत तुम नित दुष्टन की।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
बटुक भैरव की जो आरती गावै।
व्याघ्र चर्म रुद्राक्ष चढ़ावै॥
रक्षा करत प्रभु ताके घर की।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।
ब्रह्मदेव यह आरती गावत।
विल्ब पत्र फल लै नित आवत॥
आरती करत काल भैरव की।
आरती कीजै श्री बटुक भैरव की।

आरती श्री भैरव जी की (३)

जय भैरव देवा, प्रभु जय भैरव देवा।
सुरनर मुनि सब करते, प्रभु तुम्हरी सेवा॥ जय०
तुम्हीं पाप उद्धारक, दुःख सिन्धु तारक।
भक्तों से सुख कारक, भीषण वपु धारक॥ जय०
वाहन श्वान विराजत, कर त्रिशूलधारी।
महिमा अमित तुम्हारी जय जय भयहारी॥ जय०
तुम बिन शिव की सेवा, सफल नहीं होवे।
चतुर्वर्तिका दीपक, दर्शन दुःख खोवे॥ जय०
तेल चटक दधिमिश्रित माषावली तेरी।
कृपा कीजिए भैरव, करो नहीं देरी॥ जय०
पांव घूंघरू बाजत, डमरू डमकावत।
बटुकनाथ बन बालक, जन मत हरषावत॥ जय०
श्री भैरव की आरती, जो कोई गावे।
सो नर जग में निश्चय, मनवांछित फल पावे॥ जय०

भैरव नाथ की आरती (४)

ॐ जय भैरवनाथा, प्रभु जय जय भैरवनाथा।
वेद पुराण शास्त्र सब, गाते तव गाथा॥
ॐ जय भैरवनाथा।

विद्या वसु वसुधासुत, दायक तुम मेरे।
कृपा करो हे स्वामिन, हम सब तव चेरे॥
ॐ जय भैरवनाथा।

सारे क्लेश हटाओ, दुर्गुण सब मेरे।
नाश करो पापों का, द्वारा खड़ा तेरे॥
ॐ जय भैरवनाथा।

सांग सपर्या मेरी, प्रभु स्वीकार करो।
जो भी कुछ संकट हो, उनको दूर करो॥
ॐ जय भैरवनाथा।

बाल समझकर मेरा, पालन आप करो।
महामूर्ख अज्ञानी, मुझ पर कृपा करो॥
ॐ जय भैरवनाथा।

नाथ! दया कर झटपट, मुझको अपनाओ।
कृपा सिंधु करुणाकर, करुणा बरसाओ॥
ॐ जय भैरवनाथा।

इन्द्रादिक सुरवर भी, तेरे अर्चन में।
सक्षम नहीं हो सकते, सांग समर्चन में॥
ॐ जय भैरवनाथा।
पाद्यादि जो सेवा, बन पायी मुझसे।
श्री स्वरूप को स्वामी, मुक्त करो भय से॥
ॐ जय भैरवनाथा।

भैरव जी की अर्जी (मेंहदीपुर वाले)

सुनो जी भैरव लाड़िले, कर जोड़ कर विनती करूँ।
कृपा तुम्हारी चाहिए, मैं ध्यान तुम्हारा ही धरुँ।
मैं चरण छूता आपके, अर्जी मेरी सुन लीजिये।
मैं हूँ मति का मन्द, मेरी कुछ मदद तो कीजिये।
महिमा तुम्हारी बहुत, कुछ थोड़ी सी मैं वर्णन करूँ॥
करते सारी स्वान की, चारों दिशा में राज्य है।
जितने भूत और प्रेत, सबके आप ही सरताज हैं।
हथियार हैं जो आपके, उसका क्या वर्णन करूँ॥
माता जी के सामने तुम, नृत्य को करते सदा।
गा गा के गुण अनुवाद से, उनको रिझाते हो सदा।
एक सांकली है आपकी, तारीफ उसकी क्या करूँ॥
बहुत सी महिमा तुम्हारी, मेंहदीपुर सरनाम है।

आते जगत के यात्री, बजरंग का स्थान है।
श्री प्रेतराज सरकार के, मैं शीश चरणों में धरूँ॥
निशदिन तुम्हारे खेल से, माताजी खुश रहें।
सिर पर तुम्हारे हाथ रखकर, आशीर्वाद देती रहें।
कर जोड़ कर विनती करूँ, अरु शीश चरणों में धरूँ॥

श्री बटुकभैरव के भयनाशक दस नाम

कपाली कुण्डली भीमो भैरवो भीमविक्रमः।
व्यालोपवीती कवची शूली शूरः शिवप्रियः॥
एतानि दशनामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत्।
भैरवी-यातना न स्याद् भयं क्वापि न जायते॥

जो भी व्यक्ति प्रातःकाल उठकर इन दस नामों का उच्चारण करता है उसे कोई दुःख अथवा यातना नहीं सताती।

१. कपाली
२. कुण्डली
३. भीमो
४. भैरवो
५. भीमविक्रम
६. व्यालोपवीति
७. कवची
८. शूली
९. शूर
१०. शिवप्रिय

पुष्पांजलि-प्रार्थना

जो भी अर्पण मैं करुँ, पत्र पुष्प फलवारि।
ग्रहण करो इस दास के, करो कृपा त्रिपुरारि॥
आवाहन नहीं जानता, तथा विसर्जन नाथ।
अर्चन आदि भी नहीं, सुनिये भैरव नाथ॥
मन वाणी और कर्म से, नहीं गात मेरी नाथ।
अन्तर्मन से जानता, तुम्हें त्रिलोकी नाथ॥
इस भव से पारावार में, योनि नाथ हजार।
कहीं रहूँ केवल तुम्हें, पूजूँ बारम्बार॥
मुझको अविचल भक्ति दो, मैं शरणागत नाथ।
अपनाकर इस जीव को, करिये आप सनाथ॥
देवदान कर्ता तथा, भोक्ता देव स्वरूप।
स्थिति नाम इस जगत की, व्यापक आप अनूप॥
उस दयालु रुप को, जप कर हो तद्रूप।
प्राप्त करुँ मैं शीघ्र ही, जो सर्वेश्वर रूप॥
जो अक्षर पद-भ्रष्टता, तथा मात्रा-हीन।
क्षमा करें इस दीन को, अस्थिर मन से कीन॥
देव देव! क्षमिये मुझे अन्तर्यामी आप।
तव चरणों की निश्चला, भक्ति दो निष्पाप॥

इस प्रकार ऐसी भावयुक्त प्रार्थना के बाद पुष्पांजलि अर्पण करने के साथ-साथ साष्टांग प्रणाम करना चाहिए तथा जल छोड़ते हुए मैंने जो भी किया वह भैरवनाथ को अर्पण हो, ऐसा कहें।

श्री भैरवनाथ एक दन्त कथा

अब यहाँ पर भैरोंनाथ के सम्बन्ध में प्रचलित एक प्राचीन दन्त-कथा का उल्लेख किया जा रहा है, जो वैष्णोदेवी क्षेत्र में अत्यधिक प्रचलित है। कथा इस प्रकार है—

गुरु गोरखनाथ के सम्प्रदाय का एक भैरोंनाथ नामक योगी बहुत बड़ा तान्त्रिक और प्रभावशाली था। उसके ३६० शिष्य थे। वह वैष्णवों तथा शक्ति के उपासकों (शाक्तों) का परम शत्रु था। जहां कहीं भी उसे विष्णु अथवा देवी की उपासना करने वाले लोग मिलते, वहीं वह उन्हें नाना प्रकार के कष्ट पहुँचाता था। उसके अत्याचार से सभी धर्मात्मा लोग काँपने लगे थे और लाचार होकर उसकी अनुचित आज्ञाओं का पालन किया करते थे। उस दुष्ट योगी ने अपने प्रभुत्व वाले क्षेत्रों मे मद्य-माँस का खूब प्रचार कर दिया था। स्त्रियाँ पतिव्रत धर्म त्यागकर व्यभिचारिणी बन गईं थीं तथा पुरुष उसके इशारे पर अनेक प्रकार के उपद्रव मचाते तथा वैष्णवों को दुःख पहुंचाया करते थे।

जब राजकुमारी चन्द्रभागा की प्रार्थना पर भगवती दुर्गा ने चन्द्रभागा (चिनाव) नदी के तट पर अपना निवास बनाया और वहाँ भक्तों की भीड़ उनकी दर्शन के लिए भारी संख्या में पहुँचने लगी तथा माता की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलने लगी, तो उनके यश को सुनकर दुष्ट भैरोंनाथ ने उनकी परीक्षा लेने का विचार किया और वह अपने ३६० शिष्यों को साथ लिये हुए 'गोरख टीला' (जिला झेलम) से चलकर माता के निवास स्थान मन्त्रीपुर (वजीराबाद-जम्मू राज्य) में जा पहुँचा।

देवी माता ने आने वाले और लोगों की तरह उसका भी स्वागत सत्कार किया तथा उसे मद्य-माँस को त्यागकर वैष्णव भोजन करने तथा धर्म की मर्यादा का पालन करने का उपदेश किया। परन्तु भैरोंनाथ तो माता की परीक्षा लेने और उन्हें नीचा दिखाने के उद्देश्य से आया था, इसलिए उसने माता के उपदेश को अनसुना करते हुए कहा—"हे देवी! मैंने सुना है कि आप सब लोगों की इच्छा पूरी करती हैं, अतः अब मेरी भी इच्छा पूर्ण करें।"

माता ने पूछा—"तुम्हारी क्या इच्छा है?" तो दुष्ट भैरोंनाथ उनकी ओर पापपूर्ण कामुक-दृष्टि से देखने लगा और उनकी साड़ी के पल्ले को पकड़ने की कोशिश करने लगा। उस दुष्ट की मनोभावना को समझकर माता उसी समय वहाँ से अन्तर्धान होकर जम्मू नगर में जा पहुँचीं।

जम्मू नगर से ५ मील की दूरी पर 'नगरकोटा' (नगरोटा)

नामक एक गाँव है। जिस समय माता जम्मू नगर में पहुँची, उस समय उक्त गाँव में कुछ लड़कियाँ गेंद का खेल, खेल रही थीं। माता भी एक कन्या का रूप बनाकर उनके बीच में जा पहुँची और खेल में शामिल हो गईं। कुछ देर तक खेलने के बाद माता ने अपनी दिव्यशक्ति के प्रभाव से उन सब लड़कियों को स्वादिष्ट भोजन खिलाये। तत्पश्चात् उन्होंने एक लड़की से पानी ले आने के लिए कहा। उस समय लड़की ने यह उत्तर दिया कि मेरे पास 'कौल' (कटोरा) नहीं है। साथ ही यहाँ पर कहीं पानी भी नहीं है, जो मैं ला सकूं। यह सुनकर माता ने उस लड़की को एक सोने का कटोरा देकर कुछ दूरी पर दिखाई देने वाले एक सूखे गड्ढे की ओर संकेत करते हुए कहा—'तू इस कौल (कटोरे) को ले जाकर उस गड्ढे में से पानी भर ला।' यह कहकर माता ने अपनी दृष्टिमात्र से ही उस सूखे गड्ढे को जल से परिपूर्ण कर दिया। तब वह लड़की उस कटोरे को लेकर गड्ढे में से पानी भर लाई। कौल (कटोरे) को कंधोलने (हिलाने) से उस स्थान पर पानी निकला था इसलिए इस स्थान का नाम (कौलकन्धौली) पड़ गया। यह स्थान वैष्णोदेवी की यात्रा का दर्शनीय स्थल है।

उस कौल-कन्धौली नामक स्थान पर भगवती रहने लगी तो कुछ ही दिनों में उनका यश वहाँ पर भी दूर-दूर तक फैल गया और लोग उनके दर्शनों के लिए कौल-कंधौली पहुंचने लगे तथा मनोभिलाषा पूर्ण करने लगे। भगवती भी वहाँ रहकर

कन्याओं के साथ खेलने तथा अपने भक्तों का मनोरथ पूर्ण करने लगीं।

कौल-कंधौली के क्षेत्र में ही 'माईदेवा' नामक भगवती की एक पुजारिन रहा करती थी। उसने बाल्यावस्था में ही दुर्गा देवी का भजन पूजन किया था और वृद्ध हो जाने पर भी उसके नित्य नियम में कोई परिवर्तन नहीं आया था। वह रात-दिन माता की सेवा-पूजा में ही लगी रहती थी। भगवती वैष्णवी देवी ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे प्रत्यक्ष रूप में दर्शन देकर कृतार्थ किया, साथ ही यह वरदान भी दिया कि मेरी पूजा के साथ तेरी पूजा भी हुआ करेगी और जो लोग तेरा दर्शन करने के बाद मेरे दर्शन करेंगे, उनकी सब मनोकामनाएँ पूर्ण होंगी।

देवी से यह आशीर्वाद पाकर माईदेवा सदैव के लिए अमर हो गई। कुछ समय बाद जब उसने शरीर त्यागा तो उसी स्थान पर भक्तजनों ने एक मन्दिर का निर्माण करा दिया, जो वर्तमान समय में 'देवामाँई या माँईदेवा ढक' के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्थान वैष्णो देवी यात्रा में दर्शनीय है।

कौल-कन्धौली में भगवती के निवास की प्रसिद्धि जब चारों ओर फैल गई तो भैरोंनाथ को भी उसका पता लगा। तब वह कौल-कन्धौली पहुंचकर देवी से मिलने का विचार करके अपने ३६० शिष्यों को साथ लिये हुए जम्मू के लिए चल पड़ा।

मार्ग में 'हंसाली' नामक गाँव पड़ता था, जिसमें देवी के

परमकृपा पात्र पं० श्रीधर भगत रहा करते थे।

भैरोंनाथ को जब यह पता चला कि पं० श्रीधर देवी के बड़े भक्त हैं और माता उनके ऊपर विशेष कृपा करके हंसाली में भी निवास करती हैं, तो वह अपने सब शिष्यों के साथ लिये हुए पं० श्रीधर के निवास-स्थान पर जा पहुँचा और उन्हें भण्डारा देने के लिए विवश करने लगा।

पं० श्रीधर गरीब ब्राह्मण थे। भैरोंनाथ को ३६० शिष्यों सहित भण्डारा दे पाना उनके वश की बात नहीं थी। उधर भैरोंनाथ का कहना था कि मैं तुमसे भण्डारा लिये बिना नहीं मानूंगा। ऐसी स्थिति में जब पं० श्रीधर अत्यन्त दुःखी और चिन्तित थे, उस समय माता ने वहाँ प्रकट होकर अपने भक्त से कहा कि तुम किसी प्रकार की चिन्ता मत करो। तुम भण्डारा देने के लिए कहा दो। मैं तुम्हारा सब प्रबन्ध कर दूंगी।

माता का आदेश मानकर श्रीधर भक्त ने भैरोंनाथ को भण्डारा देना स्वीकार कर लिया। उस समय वैष्णवी माता ने अपनी शक्ति के प्रभाव से सोनेचाँदी के बर्तनों सहित अनेक प्रकार के पकवान वहाँ पर उपस्थित कर दिये। फिर वे स्वयं ही भोजन परोसने के लिए प्रकट हुईं और भैंरोंनाथ के सभी शिष्यों को 'भूमिका' नामक स्थान पर बैठाकर, इच्छानुसार भोजन कराकर तृप्त कर दिया। जब सब शिष्य भोजन कर चुके, तब भैरोंनाथ ने भगवती के सामने पहुँचकर अपने लिए मद्य-मांस के भोजन की मांग की। भगवती ने उसे उत्तर देते हुए

कहा कि मद्य-मांस तो राक्षसों का भोजन है, अतः मैं तुम्हें ऐसा भोजन नहीं दे सकती। यदि तुम सात्विक भोजन करना चाहो तो वह उपस्थित है।

जिस समय माता यह कह रहीं थीं उसी समय पापी भैरोंनाथ ने, जो पहले से ही माता के सम्बन्ध में कुविचार रखता था, आगे बढ़कर उनके हाथ को पकड़ना चाहा यह देखकर माता वैष्णवी वहाँ से उसी समय अन्तर्ध्यान हो गईं और भैरोंनाथ दूसरी बार भी हाथ मलता हुआ रहा गया। परन्तु उसने हार नहीं मानी और वह भगवती का पीछा करता हुआ आगे बढ़ने लगा।

भैरोंनाथ को वहीं पर छोड़कर भगवती वैष्णवी कुछ दूर चलकर पहाड़ के नीचे उस स्थान पर जा पहुँची, जिसे वर्तमान समय में 'बाण गंगा' कहा जाता है।

भगवती के शेर को प्यास लग आई थी, साथ ही भगवती स्वयं भी स्नान करने की इच्छुक थीं, इसलिए उन्होंने इस स्थान पर अपने धनुष से बाण चलाकर, पृथ्वी से जल निकाला था। इसी कारण इस जलधारा को 'बाण गंगा' कहा जाता है। इसके बाद भगवती ने उसे धारा में अपने सिर के बाल (केश) भी धोये थे, इस कारण उसे 'बालगंगा' के नाम से भी पुकारा जाता है।

बाण-गंगा के स्थान पर जब भगवती का शेर पानी पी रहा था, तो पीछे से आते हुए भैरोंनाथ ने उसे दूर से ही देख लिया,

परन्तु जब तक भैरोंनाथ उस स्थान पर पहुंचे, उससे पहले ही भगवती उस जगह जा पहुँची, जिसे वर्तमान समय में 'चरणपादुका' के नाम से सम्बोधित किया जाता है।

कहा जाता है कि 'चरणपादुका' नामक स्थान पर भगवती ने अपने चरण पर्वत से ऊपर रखे थे तथा शीघ्रता के कारण इसी स्थान पर भगवती के चरणों की पादुका (खड़ाऊँ) रह गई थीं। कुछ लोगों के अनुसार इस स्थान पर भगवती सती के पवित्र चरण गिरे थे इसलिए इस स्थान को 'चरणपादुका' कहा जाता है और वह ५१ शक्तिपीठों में से एक है, परन्तु यह मत निर्विवाद रूप से मान्य नहीं है।

हंसाली से चलकर भैरोंनाथ पहले 'बाण-गंगा' और फिर 'चरणपादुका' नामक स्थान पर पहुँचा परन्तु तब तक भगवती उस जगह जा पहुँचीं, जिसे वर्तमान समय में 'आदकुमारी' कहा जाता है। यह शब्द 'आदिकुमारी' का अपभ्रंश है। इस स्थान पर माता कुछ देर ठहरी थीं। वर्तमानकाल में यहाँ भगवती का एक छोटा सा मन्दिर बना हुआ है।

जब भैरोंनाथ आदिकुमारी स्थान पर भी पहुँचने को हुआ, तब माता वैष्णवी देवी गर्भ-गुफा में से निकलकर अपनी त्रिकूट पर्वत वाली गुफा में ही पुनः जा विराजीं। गर्भ गुफा को 'गर्भ जून' भी कहा जाता है। इस गुफा की बनावट ऐसी है कि जो व्यक्ति इस गुफा के भीतर पहुँच जाता है, वह गुफा से बाहर निकलने के लिए ठीक उसी प्रकार छटपटाने लगता है, जिस

प्रकार कि गर्भस्थ शिशु गर्भ से बाहर निकलने के लिए छटपटाता है।

जिस समय भैरोंनाथ भगवती का पीछा कर रहा था, उस समय इस गुफा ने एक दुर्ग (किले) जैसा काम किया था और भैरोंनाथ बड़ी देर तक इस गुफा के भीतर घुसकर बाहर निकलने के लिए छटपटाता रहा था।

भगवती जिस समय अपने त्रिकूट पर्वत वाली गुफा में प्रविष्ट हुईं, उस समय उन्होंने गुफा के दरवाजे पर अपने लांगुरवीर को दरबान बनाकर खड़ा कर दिया तथा उसे यह आज्ञा दी थी कि भैरोंनाथ को गुफा के भीतर प्रवेश न करने दे।

जब माता अपनी गुफा में आ विराजीं, तब देवताओं ने वहाँ पहुँचकर माता का विधिवत् पूजन किया और उनसे आशीर्वाद लेकर अपने-अपने लोक को प्रस्थान किया।

इधर गर्भ गुफा में से निकलने के बाद भैरोंनाथ भी एक दिन सब ओर से पता लगाता हुआ त्रिकूट पर्वत वाली गुफा के मुख्य द्वार पर जा पहुँचा। वहाँ पर जैसे ही उसने गुफा के भीतर प्रवेश करना चाहा वैसे ही लांगूरवीर ने उसे रोकते हुए पूछा—'तुम यहाँ किसलिए आये हो?' भैरोंनाथ ने उत्तर में कहा—'तुम्हारी माता ने मुझे भोजन का निमन्त्रण दिया था, मैं उसी के लिए आया हूँ। अब तुम अपनी माता से जाकर कहो कि वह मुझे मद्य-मांस का भोजन देकर तृप्त करें।'

यह सुनकर लांगुरवीर ने उसे धिक्कारते हुए कहा—'अरे

पापी! तू यहाँ से शीघ्र भाग जा, अन्यथा मैं तेरा सिर काट डालूँगा।' तब भैरोंनाथ ने उत्तर में कहा—'मैंने तपस्या करके वरदान प्राप्त किया है, जिसके प्रभाव से कोई भी मनुष्य मुझे नहीं मार सकता। भला तू मुझे क्या मारेगा?' यह कहकर वह लांगुरवीर से युद्ध करने पर उतारू हो गया। तब लांगुरवीर और भैरोंनाथ में भयंकर युद्ध होने लगा। जब उस युद्ध को चलते हुए काफी देर हो गई, तब माता वैष्णवी और अधिक लीला कराना उचित न समझकर, गुफा से बाहर निकल आईं और उन्होंने अपने त्रिशूल द्वारा क्षणभर में ही भैरोंनाथ के सिर को काटकर धड़ से अलग कर दिया।

इस प्रकार जब भैरोंनाथ का समस्त अहंकार चूर हो गया, उस समय उसका कटा हुआ सिर माता वैष्णवी की प्रार्थना करते हुए इस प्रकार कहने लगा—'हे माता! मुझ पापी ने अनेक अपराध किये हैं, परन्तु अब आप उन सबको क्षमा कर देने की कृपा करें। क्योंकि पुत्र भले ही कुपुत्र हो जाये, परन्तु माता कभी कुमाता नहीं होती है। अब आप दया करके मुझे ऐसा वरदान दें कि मेरा नाम भी संसार में अमर बना रहे तथा सब पापों से छुटकारा पाकर आपके परमधाम को प्राप्त करूँ।'

इस प्रकार जब उस कटे हुए सिर ने बहुत अनुनय विनय की, तो माता को उस पर दया आ गई। उस समय माता ने उस वर देते हुए कहा—'आज से मेरी पूजा के साथ तेरी पूजा भी हुआ करेगी और जो लोग मेरे दर्शन को यहाँ आयेंगे, वे तेरे

दर्शन भी अवश्य किया करेंगे तभी उनकी यात्रा सफल होगी। परन्तु सब लोग मेरे दर्शन करने के बाद तेरे दर्शन करेंगे। जो व्यक्ति पहले तेरे दर्शन करने के बाद मेरे दर्शन करेगा, उसकी यात्रा अवश्य निष्फल हो जायेगी। अब तू मेरे अनुग्रह से मेरे धाम को प्राप्त करेगा।'

यह कहकर माता वैष्णवी देवी ने सुदर्शन चक्र द्वारा भैरोंनाथ के सिर को उस गुफा से दो कोस की दूरी पर पटक दिया। वहाँ गिरते ही वह पत्थर का हो गया। भैरोंनाथ का धड़ गुफा के द्वार पर ही पड़ा रहा और वहीं उसने पत्थर का रूप धारण कर लिया।

जिस स्थान पर भैरोंनाथ का सिर गिरा था, वहाँ पर वर्तमान समय में 'भैरव मन्दिर' बना हुआ है। वैष्णोदेवी की यात्रा के लिए जाने वाले लोग लौटते समय इस मंदिर के दर्शन करते हैं तथा माता द्वारा भैरोंनाथ को दिये गए वरदान के फलस्वरूप उनकी यात्रा सफल होती है।

भैरोंनाथ के मारे जाने पर उसके सब शिष्य तथा अनुयायी भी त्रिकूट पर्वत की गुफा के द्वार पर पहुँचकर माता की स्तुति प्रार्थना करने लगे तथा अपने अपराधों की क्षमा माँगते हुए इस प्रकार के दीन वचन कहने लगे—'हे माता! जिस प्रकार आपने भैरोंनाथ का उद्धार किया उसी प्रकार हम लोगों का उद्धार करने की भी कृपा करें तथा हमारे सब पापों को उदारता पूर्वक क्षमा कर दें।'

उनकी स्तुति-प्रार्थना से प्रसन्न होकर माता वैष्णवी ने उन सबके अपराधों को भी क्षमा कर दिया, साथ ही यह भी कहा कि मेरा जो भक्त इस वृत्तान्त को कहेगा अथवा सुनेगा उसके भी सब पाप दूर हो जायेंगे।

उज्जैन के काल भैरव

मध्यप्रदेश में उज्जैन एक महत्त्वपूर्ण जगत प्रसिद्ध राजा भोज की नगरी मानी जाती है। शास्त्रों में इसका सांगोपांग वर्णन मिलता है। यहीं पर महाकालेश्वर और कालभैरव के मंदिर अत्यन्त ही चमत्कारिक और सिद्धिदायक तथा विख्यात हैं। महाकालेश्वर को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक माना गया है और कालभैरव की मूर्ति प्रत्यक्ष और चमत्कारिक है।

प्राचीनकाल में उज्जैन में अष्टभैरव के विशाल और दर्शनीय मंदिर थे। कालभैरव का वर्तमान मंदिर भी उनमें से एक था। भैरव का यह मंदिर तन्त्र-साधना एवं मंत्र-सिद्धि को अनोखा, अद्‌भुत और श्रेष्ठ मंदिर है।

कहा जाता है कि किसी भी स्त्री या पुरुष साधक के द्वारा कालभैरव के गोपनीय मन्त्र का एक बार उच्चारण करके इस मन्दिर में स्थित कालभैरव की मूर्ति के ओठों से जैसे ही सुरा की बोतल लगाई जाती है, सुरा एकाएक खत्म ही हो जाती है और साधक के मन की जो भी इच्छा होती हैं, वह पूरी हो जाती

है कालभैरव का गोपनीय मन्त्र '**ॐ भैरवाय वं वं वं हां क्षौं नमः**' है।

भारत के प्रसिद्ध योगी और भैरव साधक स्वीकार करते हैं कि उज्जैन का यह मंदिर तथा इस मंदिर में स्थित कालभैरव की मूर्ति चमत्कारिक और सिद्धिप्रद है, कोई भी साधक पूर्ण श्रद्धा से अपनी इच्छा इस मंदिर में व्यक्त करता है तो वह कालान्तर में अवश्य पूर्ण होती है।

उन्मत्त भैरव

आठ प्रमुख भैरवों में उन्मत्त भैरव का महत्त्वपूर्ण स्थान है। काश्मीर में अमरनाथ के दर्शन करने के बाद साधक उन्मत्त भैरव के दर्शन करता है। यह प्रसिद्ध भैरव पीठों में से एक पीठ है। आदि शंकराचार्य ने स्वयं इस पीठ की स्थापना कर इस मूर्ति का प्राण संजीवन किया था।

अमरनाथ गुफा के दक्षिण में लगभग आधा किलोमीटर आगे उन्मत्त भैरव का यह महत्त्वपूर्ण पीठ है और इस पीठ से सम्बन्धित सैकड़ों-हजारों चमत्कारिक कथाएँ भारत में विख्यात हैं। यदि साधक पूर्ण श्रद्धा के साथ नंगे पांव इस पीठ में जाकर उन्मत्त भैरव को भोग लगाता है तो भैरव स्वयं उस भोग को स्वीकार करते हैं और साधक की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

इस भैरव की भोगविधि इस प्रकार है कि साधक बेसन

को भूनकर उसमें मधु व सुरा मिलाकर लड्डू बनाये और उस लड्डू को भैरव की निकली हुई जीभ पर रख दे तो दूसरे ही क्षण वह जीभ स्वतः ही भैरव के मुंह में चली जाती है और लड्डू उदरस्थ हो जाता है। दूसरे की क्षण वह जीभ पुनः बाहर निकल जाती है और जीभ से निकली सुरा की कुछ बूंदों को साधक प्रसाद रूप में स्वीकार कर लेता है तो निश्चय ही उसकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

इस भैरव मंदिर के पीछे के भाग में गर्म पानी का स्रोत है। इस पानी में नहाने से किसी भी प्रकार की बीमारी समाप्त हो जाती है। अतः यह पानी सैकड़ों प्रकार के रोगों को समाप्त करने में सक्षम है, लोग इस पानी को भरकर अपने साथ ले जाते हैं।

रोगहर्ता व पुत्रदायक कार्यों में इस भैरव की भारी महत्ता है। यदि मूर्ति के समक्ष बैठकर नेत्र बंद कर अपनी कोई भी इच्छा व्यक्त करता है तो उसका उत्तर तत्क्षण मानस-पटल पर स्पष्ट हो जाता है।

क्षमा प्रार्थना—पुस्तक में दिए गये सभी पाठ, मन्त्र, स्तुति, वन्दना इत्यादि यथा सम्भव शुद्ध छापने का पूरा प्रयास किया गया है। यदि किसी पाठक को कोई त्रुटि दिखाई दे तो कृपया ठीक कर लें और हमें भी सूचित करें, हम नए संस्करण में सुधार देगें।

—संग्रहकर्ता, प्रकाशक, मुद्रक

रणधीर प्रकाशन

1. बहुउपयोगी, बेजोड़ पुस्तकों की नवीन शृंखला

रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार-पिन कोड: 249401

2.हर घर में संग्रह करने योग्य ज्ञान ग्रन्थ

4.मन्त्र,तन्त्र,यन्त्र एवं रत्न विषयक पुस्तकें

रणधीर प्रकाशन, रेलवे रोड, हरिद्वार PH: (01334) 226297
MO.: 0 9012 9318 20

5.प्रख्यात तान्त्रिकों द्वारा रचित विशेष ग्रन्थ

6. महत्वपूर्ण, उपयोगी, संग्रहणीय पुस्तकें

7. हर घर में काम आने वाली उपयोगी पुस्तकें

मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र एवं ज्योतिष के किसी प्रयोग अथवा पूजा पाठ के अनुष्ठान में योग्य गुरु का निर्देशन अवश्य लें। लेखक, प्रकाशक एवं मुद्रक किसी भी उचित या अनुचित प्रयोग का उत्तरदायी नहीं है।

रणधीर प्रकाशन, रेलवे रोड, हरिद्वार
PH: (01334) 226297

विभिन्न विषयों की नवीन पुस्तकें

रणधीर प्रकाशन, रेलवे रोड, हरिद्वार

PH: (01334) 226297
MO: 0 9012 1818 20